**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 24.08.2026**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अवैध गांजे के साथ थाना पैलानी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि आज दिनांक 24.08.2026 को थाना पैलानी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जावेद पुत्र इस्तियाक निवासी सवादा थाना पैलानी जनपद बांदा को अमलौर पुलिया के पास से अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है । तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ है । पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**बरामदगी-**

- 01 किलो 200 ग्राम अवैध सूखा गांजा ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. जावेद पुत्र इस्तियाक निवासी सवादा थाना पैलानी जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 184/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना पैलानी जनपद बांदा ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री कृष्ण प्रताप सिंह
2. हे0कां0 धीरेन्द्र सिंह
3. कां0 देवेन्द्र सिंह